दिन– बुधवार दिनांक– 02 / 09 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से भागलपुर, बेगूसराय, बक्सर, जहानाबाद और औरंगाबाद में कई स्थानों पर बाढ़ का संकट गहराया।

02. पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हरीश कुमार को प्रतियोगिता परीक्षा में सुधार के लिए गठित विशेषज्ञ समिति का अध्यक्ष बनाया गया।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज चिकित्सा आपके द्वार अभियान की शुरूआत करेंगे। अभियान के तहत घर–घर की जायेगी लोगों की स्वास्थ्य जांच।

04. और, राज्य में सामुदायिक पुलिसिंग को प्रभावी बनाया जायेगा। पुलिस महानिदेशक ने अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश।

———————————————————

नेपाल में आई बाढ़ के बाद बिहार के सीमावर्ती जिलों में नदियों के उफान से बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। भागलपुर में गंगा नदी का तेज कटाव चिंता बढ़ा रहा है। खरीक प्रखंड के शंकरपुर में गंगा के तेज बहाव और धारा के दबाव से कटाव की स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। एक रिपोर्ट–

———साउंड बाईट———

गंगा के तेज कटाव के चलते नवगछिया प्रखंड में वर्षों पुराने दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर और लगभग पांच सौ मीटर लंबा जमींदारी बांध गंगा में समा गया है। प्रभावित इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। जल संसाधन विभाग की टीमें कटाव को नियंत्रित करने के लिए युद्धस्तर पर सुरक्षात्मक कार्यों में जुटी हैं। वरिष्ठ अधिकारी और अभियंता मौके पर मौजूद हैं तथा स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि गंगा की धारा में अप्रत्याशित बदलाव से कटाव गंभीर हो रहा है। कटाव रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

———साउंड बाइट – विजय कुमार चौधरी———

इधर, सारण, वैशाली, बेगूसराय, बक्सर, जहानाबाद, नवादा और औरंगाबाद में प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से कई स्थानों पर बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। प्रशासन और जल संसाधन विभाग द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही है।

सविता पारीक, आकाशवाणी समाचार, पटना।

औरंगाबाद से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में सोन, बटाने, पुनपुन, धावा, अदरी, मदार, केशहर नदियों के बढ़ते जलस्तर और उफान के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

———साउंड बाईट———

जिले में बाढ़ से बारून, कुटुम्बा, औरंगाबाद, ओबरा के कई गांव प्रभावित हैं और पानी के तेज दबाव से कई जगहों पर सड़क कट गए हैं तथा यातायात प्रभावित हुआ है। जिला प्रशासन ने नदी किनारे रह रहे लोगों को

सतर्क रहने की अपील की है और औरंगाबाद शहर के अदरी नदी के किनारे रहने वाले लोगों से माइकिंग कर घर को खाली करने की अपील की गई है। बाढ़ के मद्देनजर राहत और बचाव कार्य को लेकर सभी सरकारीकर्मियों और अधिकारियों की छुट्टी रद्द कर दी गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए औरंगाबाद से कमल किशोर।

जहानाबाद जिले में स्थानीय नदियों में बाढ़ के कारण कई स्थानों पर संपर्क मार्ग बाधित हो गया है। हालांकि वैकल्पिक मार्ग से यातायात सुचारू रूप से चल रहा है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

जिले के जाफरगंज शकुराबाद और साई मंदिर स्थित तीन पुल–पुलियों के उपर से बाढ़ का पानी प्रवाहित हो रहा है। इन तीनों स्थानों पर एहतिहात के तौर पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। हालांकि अवासीय क्षेत्र में पानी नहीं घुसा है। जल संसाधन विभाग ने बताया है कि दर्धा और मोरहर नदी का जल स्तर फिलहाल खतरे के निशान से नीचे है वहीं उदेरा स्थान बैराज पर फलगू नदी का जल स्तर भी खतरे के लाल निशान से नीचे है। नदियों के जल स्तर में कमी की प्रवृति बनी हुई है। जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। प्रशासन ने लोगों से किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

आकाशवाणी समाचार के लिए जहानाबाद से आभाष रंजन।

––––––––––––––––––––––––––––––

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के विभिन्न भागों मध्यम से भारी बारिश हो रही है। पटना और आस–पास के क्षेत्रों में भी सुबह से ही बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद और कैमूर जिले में कई स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान गया, जमुई और नवादा जिले में अनेक स्थानों पर तेज हवा के साथ भारी बारिश की आशंका व्यक्त की है।

–––साउंड बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद जिले के रफीगंज में सबसे अधिक एक सौ दस दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश में प्रतियोगिता परीक्षा में सुधार के लिए गठित विशेषज्ञ समिति का अध्यक्ष पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हरीश कुमार को बनाया गया है। समान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। विशेषज्ञ समिति अगले तीन महीने के अन्दर अपनी अनुशंसाएं राज्य सरकार को सौंपेगी। अधिसूचना के अनुसार समिति सरकार के अधीन विभिन्न परीक्षा बोर्डों, आयोगों, विश्वविद्यालयों और अन्य भर्ती एजेंसियों द्वारा ली जाने वाली परीक्षाओं में व्यापक सुधार की सिफारिश करेगी।

––––––––––––––––––––––––––––––

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज जांच और उपचार चिकित्सा आपके द्वार अभियान की शुरूआत करेंगे। यह अभियान तीस नवम्बर तक चलेगा। अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मी घर–घर जाकर जांच करेंगे और जरूरी परामर्श भी देंगे। पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री सभी जिलों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव तथा स्वास्थ्य मंत्री निशांत भी मौजूद रहेंगे।

———————————————————

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि प्रदेश में सामुदायिक पुलिसिंग को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जनता का सहयोग लिया जायेगा। उन्होंने सभी अपर पुलिस महानिदेशक, आईजी, डीआईजी, एसएसपी और एसपी को इस संबंध में निर्देश भेजा है। निर्देश में कहा गया है कि सामुदायिक पुलिसिंग की गतिविधियों के संचालन और रिकॉर्ड के लिए थाना प्रभारी जिम्मेवार होंगे। प्रत्येक थाने की गतिविधियों की समीक्षा अंचल निरीक्षक या अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी करेंगे। पुलिस अधीक्षक जिला अपराध समीक्षा बैठक में सामुदायिक पुलिसिंग की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा करेंगे। डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को आम नागरिकों से आदरपूर्वक व्यवहार करने का निर्देश भी दिया है।

———————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने बीस से पच्चीस जुलाई के बीच देशभर में नीट पेपर लीक मुद्दे पर छात्रों के प्रदर्शन के दौरान दर्ज सभी प्राथमिकी को रद्द करने और इन मामलों में आगे जांच नहीं करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने  केन्द्र सरकार, दिल्ली पुलिस, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और असम सरकार की ओर से दायर याचिकाओं में बताई गई प्राथमिकियां भी रद्द कर दी और राज्यों को कोई नई प्राथमिकी दर्ज नहीं करने को कहा है। हालांकि न्यायालय ने जंतर–मंतर पर प्रदर्शन में शामिल संगीन आपराधिक मामले वाले दो हजार आठ सौ तिहत्तर लोगों के खिलाफ जांच जारी रखने की अनुमति दी है। न्यायालय ने नीट प्रश्न पत्र लीक के कारण जान गवाने वाले छात्रों के परिजनों को तीन महीने के अन्दर मुआवजा देने का भी निर्देश दिया है। इधर, प्रदेश में इस मामले में दर्ज चौंसठ प्राथमिकी को राज्य सरकार ने पहले ही वापस ले लिया था।

———————————————————

ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार ने ऊर्जा क्षेत्र के निवेशकों से बिहार में निवेश करने का आह्वान किया है। नई दिल्ली में आयोजित भारत इलेक्ट्रिसिटी एक्सपो दो हजार छब्बीस के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि बिहार ऊर्जा क्षेत्र में

आधुनिक तकनीक को अपनाते हुये भविष्य के जरूरतों पर तैयार हो रहा है। मंत्री ने निवेशकों से निवेश करने के साथ ही प्रदेश के विकास में भागीदार बनने का आग्रह भी किया।

——————————————————

देशभर में सबसे अधिक स्मार्ट मीटर लगाने के लिए बिहार की दोनों विद्युत वितरण कंपनियों को भारत इलेक्ट्रिसिटी पावरिंग इंडिया अवार्ड दो हजार छब्बीस से सम्मानित किया गया है। दक्षिण बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को संयुक्त रूप से यह पुरस्कार प्रदान किया गया। गौरतलब है कि राज्य में अब तक बानवे लाख से अधिक प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

——————————————————

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने नई दिल्ली में रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य स्कूलों के माध्यम से बच्चों, माता–पिता और दादा–दादी के बीच भावनात्मक और सांस्कृतिक संबंध मजबूत करना है। यह पहल देशभर के दो सौ स्कूलों में पायलट आधार पर शुरू की जाएगी। इसके तहत आधुनिक परिवारों की चुनौतियों का अध्ययन किया जाएगा और स्कूलों में बीस ऐसे खेल तैयार किए जाएंगे, जिनमें तीनों पीढ़ियां साथ भाग ले सकें।

——————————————————

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा है कि नर्सिंग कॉलेजों में पढ़ाई की व्यवस्था और आधारभूत संरचनाओं की जांच के लिए कमिटी गठित की जायेगी। नर्सिंग से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में मंत्री ने मानकों की जांच के लिए जिला स्तर पर कमिटी का गठन कर स्थल निरीक्षण करने का निर्देश दिया है।

——————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित होगी। बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगने की सम्भावना है।

——————————————————

शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि जिन शिक्षकों की सेवा अवधि दो वर्ष या उससे कम बची हैं, उनका स्थानांतरण नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह निर्णय ऐसे शिक्षकों की सुविधा और हित को देखते हुये लिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक स्थानांतरण नीति पूरी तरह ऐच्छिक है और शिक्षक अपनी इच्छा के अनुसार ही आवेदन कर सकते हैं।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने चीनी और प्याज की बढती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कई उपाय किए हैं। चीनी की जमाखोरी और सट्टेबाजी रोकने के लिए चीनी के भंडारण की सीमा चार हजार से घटाकर दो हजार क्विंटल कर दी गई है। यह नई सीमा पन्द्रह सितम्बर से तीस नवंबर तक लागू रहेगी। अब कोई भी व्यापारी स्टॉक मिलने के तीस दिनों से अधिक समय तक तय सीमा से अधिक चीनी अपने पास नहीं रख सकेगा। वहीं, 'कांदा एक्सप्रेस' मालगाड़ियों और ट्रकों के जरिए देश के प्रमुख शहरों में सवा दो हजार मीट्रिक टन से अधिक प्याज की सुनियोजित आपूर्ति की जा रही है।

———————————————————————

अब खबरें खेल जगत से

पटना में खेली जा रही सातवीं राज्य माउंटेन साईकलिंग चैंपियनशीप में सारण जिले की टीम ने ओवर औल विजेता का खिताब जीत लिया है। सारण ने कुल बीस अंक हासिल किये जबकि कटिहार तेरह अंकों के साथ उपविजेता रहा।

राज्यस्तरीय सब जुनियर आत्या पात्या प्रतियोगिता का आयोजन तेरह सितम्बर से जमुई में किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन दो अक्तुबर से दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय चैंपियन के लिए होगा।

विश्व ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए गोपालगंज जिले के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। सोलह से बीस सितम्बर के बीच दक्षिण कोरिया के चुनचॉन में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में बरौली की दो खिलाड़ी भवानी सिंह और रिया सिंह भारतीय टीम का हिस्सा होंगी।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हवाले से लिखा है– बिहार में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय खुलेगा।

दैनिक जागरण ने नीट पेपर लीक मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– देशभर में प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर की गयीं सभी एफआईआर होंगी रद्द।

दैनिक भास्कर लिखता है– केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान को जान से मारने की धमकी, डाक से भेजी चिट्ठी।

प्रभात खबर का शीर्षक है— टीआरई—फोर के लिए इक्कीस सितम्बर से शुरू होगा ऑनलाईन आवेदन।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से भागलपुर, बेगूसराय, बक्सर, जहानाबाद और औरंगाबाद में कई स्थानों पर बाढ़ का संकट गहराया।

02. पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हरीश कुमार को प्रतियोगिता परीक्षा में सुधार के लिए गठित विशेषज्ञ समिति का अध्यक्ष बनाया गया।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज चिकित्सा आपके द्वार अभियान की शुरूआत करेंगे। अभियान के तहत घर—घर की जायेगी लोगों की स्वास्थ्य जांच।

04. और, राज्य में सामुदायिक पुलिसिंग को प्रभावी बनाया जायेगा। पुलिस महानिदेशक ने अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।